पीएम ने भारत का मस्तक किया ऊंचा

नरेंद्र मोदी ने साकार किया दीनदयाल उपाध्याय का संकल्प

65 एकड़ में विकसित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मोदी ने लोकार्पण किया

230 करोड़ रुपए की लागत से तैयार यह परिसर



> लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परिसर भारतीय राजनीति, राष्ट्रनिर्माण और विचारधारा को दिशा देने वाली महान विभूतियों को समर्पित है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार किया है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता थे और आज मोदी सरकार उन्हीं विचारों के आधार पर गरीब कल्याण की योजनाएं चला रही है।

लखनऊ, 25 दिसंबर. लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना पूरा किया है। राजनाथ ने यह भी कहा कि श्यामा प्रसाद के सपने का भारत अब जाकर साकार हो रहा है. भारत के प्रति दुनिया की सोच अब बदल रही है. पीएम मोदी को उन्होनें कहा कि मोदी बोलते हैं, तो दुनिया सुनता है.

इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों और राष्ट्रनिर्माण में महान विभूतियों के योगदान को भी रेखांकित किया। राजधानी लखनऊ में 65 एकड़ में विकसित भव्य राष्ट्र प्रेरणा स्थल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकार्पण किया। हरदोई रोड स्थित गोमती तट पर बने इस प्रेरणा स्थल को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर देश को समर्पित किया गया।

दिल्ली वासियों ने 50 दिनों के बाद ली स्वच्छ हवा में सांस

नयी दिल्ली. राष्ट्रीय राजधानी वासियों को क्रिसमस सुबह 50 दिनों में सबसे स्वच्छ हवा मिली। दिवाली के बाद से जारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर 220 पर आ गया जो राजधानी के लोगों के लिए बहुत राहत वाली रिपोर्ट है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह 8-05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 220 दर्ज किया गया, जो नवंबर की शुरुआत के बाद सबसे कम है। यह मंगलवार शाम चार बजे दर्ज 24 घंटे के औसत एक्यूआई 271 की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है।

संगीत निकेतन का 75वां वार्षिक उत्सव आयोजित

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। देश की कला-संस्कृति को प्रमोट करने की दिशा में कार्यरत की दिल्ली की सबसे पुरानी संस्थाओं में से एक संगीत निकेतन का 75 वॉ वार्षिक उत्सव आज एलटीजी ऑडिटोरियम में अत्यंत धूम-धाम से मनाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनडीएमसी के वाइस चेयरमैन सतीश उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि संस्था के बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में भारतीय शास्त्रीय परंपरा की गंभीर झलक दिखती है। येसे आयोजन देश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ियों तक हस्तांतरित करने का बड़ा काम कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक एवं कला प्रेमी हरीश खुराना भी मौजूद थे। इस

संस्था की प्राचार्या मीनाक्षी चांद ने बताया कि इस अवसर पर संस्था की दिल्ली के तीन अलग-अलग केंद्रों के बच्चों ने नृत्य एवं संगीत के एक दर्जन से भी ज़्यादा मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। इस संस्था की स्थापना जल तरंग के प्रख्यात कलाकार स्वर्गीय गुलाब राय ने 1950 में की थी।तब से यह संस्था देश की समृद्ध शास्त्रीय परंपरा को अनवरत रूप से आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

पीएम मोदी, राहुल, खरगे ने दी क्रिसमस की बधाई

नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को देशवासियों को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और शांति, करुणा और आशा के महत्व पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट लिखा - सभी को शांति, करुणा और आशा से भरा आनंदमय क्रिसमस की शुभकामनाएं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यीशु मसीह की शिक्षाएं समाज में सद्भाव को मजबूत करेंगी। वंही, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को देशवासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।

> **प्रार्थना सभा में शामिल हुए पीएम मोदी**
>
> नयी दिल्ली 25 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर गुरुवार को यहां स्थित द कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रार्थना सभा प्रेम, शांति और करुणा के शाश्वत संदेश को प्रतिबिंबित करती है।

दिल्ली में सरकार कर रही है अटल कैंटीन की शुरूआत

नयी दिल्ली, 25 दिसंबर। दिल्ली सरकार राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों को किफायती, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन देने के मकसद से एक बड़ी जन कल्याणकारी पहल के तौर पर अटल कैंटीन योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत लोग सिर्फ 10 रुपये की मामूली कीमत पर पौष्टिक भोजन का लाभ उठा सकेंगे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लाजपत नगर में अटल कैंटीन का उद्घाटन करेंगी, जिसके साथ ही पूरे शहर में इस योजना की शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली सरकार के मंत्री और संसद सदस्य भी अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में अटल कैंटीन खोलेंगे, जिससे पूरे दिल्ली में एक साथ यह योजना शुरू हो सकेगी। पहले चरण में, यह योजना 25 दिसंबर से शुरू होकर शहर भर में 100 जगहों को समाहित करेगी। आधिकारिक सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया है कि सभी अटल कैंटीन स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता के सख्त मानकों को बनाकर रखेंगी और एफएसएसएआई एवं एनएबीएल के नियमों का पालन करेंगी। इसमें पारदर्शिता और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सासीटीवी कैमरों की सुविधा भी होंगी।

लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक थे अटल : केजरीवाल

नई दिल्ली, 25 दिसंबर. पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर देशभर में उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी उन्हें याद करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भावुक संदेश साझा किया।

केजरीवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी को लोकतंत्र में संवाद, सहमति और गरिमा की राजनीति का सशक्त प्रतीक बताया। राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर दिया गया यह संदेश भारतीय लोकतंत्र की उस परंपरा को रेखांकित करता है, जहां विचारधाराओं से इतर राष्ट्रनायकों के योगदान को सम्मान दिया जाता है। अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि अपनी वाणी, संवेदनशीलता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अटूट आस्था के लिए भी जाने जाते थे। केजरीवाल के इस संदेश को राजनीतिक शालीनता और लोकतांत्रिक संस्कृति के प्रति सम्मान के रूप में देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर उनके इस बयान को व्यापक सराहना मिल रही है, जहां विभिन्न दलों के नेताओं और आम नागरिकों ने भी अटल जी को याद किया।

> आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी को शत-शत नमन किया और उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों का मजबूत स्तंभ बताया। अपने संदेश में केजरीवाल ने लिखा कि अटल बिहारी वाजपेयी लोकतंत्र में संवाद, सहमति और गरिमा की राजनीति के सशक्त प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि एक प्रखर वक्ता और संवेदनशील राजनेता के रूप में अटल जी का लोकतांत्रिक मूल्यों पर अटूट विश्वास सदैव स्मरणीय रहेगा।

एक नजर में

हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, पांच की मौत

दार ए सलाम, 25 दिसंबर। पूर्वी अफ्रीकी देश तंजानिया में माउंट किलिमंजारो पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गयी। तंजानिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया ने बताया कि दुर्घटना के समय विमान मेडिकल आपातकालीन स्थिति में लोगों को निकालने का काम कर रहा था। तंजानिया नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (टीसीएए) के एक बयान के अनुसार, हेलीकॉप्टर बुधवार को बाराफू कैंप के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ जो पहाड़ की चोटी पर पहुंचने की कोशिश करने वाले पर्वतारोहियों के लिये आखिरी पड़ावों में से एक है। मरने वालों में पायलट, एक डॉक्टर, एक गाइड और दो विदेशी पर्यटक शामिल थे। पर्यटकों की राष्ट्रीयता का खुलासा नहीं किया गया है।

कोयला खदान में चार लोगों की मौत

कुनमिंग, 25 दिसंबर। दक्षिण-पश्चिम चीन के युन्नान प्रांत में बुधवार को एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी एवं तीन लोग अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कोयले और गैस विस्फोट के बाद बचावकर्मियों ने चार शव निकाल लिए हैं और तीन लोग अभी भी लापता हैं। प्रांतीय सरकार के मुताबिक यह हादसा कल रात करीब 8ः10 बजे झेनक्सियोंग काउंटी में डेइंग कोयला खदान में हुआ। लापता लोगों को बचाने की कोशिशें और हादसे के कारणों की जांच कर जा रही है।

भ्रामक विज्ञापन... विजन आईएएस पर 11 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 25 दिसंबर . केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने सिविल सेवा परीक्षा के परिणामों के बारे में अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए कोचिंग संस्थान विजन आईएएस (अजयविजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के कारण लगाया गया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि संस्थान ने सीएसई 2023 में शीर्ष 10 में 7 तथा शीर्ष 100 में 79 चयन और सीएसई 2022 में शीर्ष 50 में 39 चयन जैसे दावों का विज्ञापन किया था, जिसमें सफल उम्मीदवारों के नाम, तस्वीरें और रैंक प्रमुखता से प्रदर्शित किए गए थे। जांच करने पर सीसीपीए ने पाया कि संस्थान ने शुभम कुमार (यूपीएससी सीएसई 2020 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले) द्वारा चुने गए विशिष्ट पाठ्यक्रम, अर्थात् जीएस फाउंडेशन बैच (कक्षा छात्र) का खुलासा तो किया, लेकिन जानबूझकर अन्य सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी छिपा दी, जिनके नाम और तस्वीरें उसी वेबपेज पर उनके साथ प्रदर्शित की गई थीं।

मुर्मु ने संविधान के संथाली संस्करण का किया विमोचन

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारत के संविधान के संथाली भाषा में संस्करण का विमोचन किया।

राष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह सभी संथाली लोगों के लिए गौरव और आनंद का विषय है कि अब भारत का संविधान ओल चिकी लिपि में संथाली भाषा में उपलब्ध है। इससे ये लोग संविधान को अपनी ही भाषा में पढ़ और समझ सकेंगे। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि इस वर्ष ओल चिकी लिपि की शताब्दी मनाई जा रही है।

उन्होंने शताब्दी वर्ष में भारत के संविधान को ओल चिकी लिपि में प्रकाशित करने के लिए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री तथा उनकी टीम की सराहना की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन , केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और अनेक गणमान्य व्यक्ति शामिल थे।

भारतीय रेलवे का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

99.2प्रतिशत ब्रॉड गेज नेटवर्क हुआ विद्युतीकृत

राउंड अप 2025

नई दिल्ली, 25 दिसंबर। भारतीय रेलवे ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99.2 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ भारत ने यूनाइटेड किंगडम, रूस और चीन जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

यह कदम न केवल रेल परिचालन को अधिक कुशल बनाएगा, बल्कि कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी लाकर भारत के हरित और स्थिरता लक्ष्यों को भी मजबूती देगा। भारतीय रेलवे ने अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क का 99.2

प्रतिशत विद्युतीकरण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, यह उपलब्धि भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देशों की सूची में सबसे आगे ले जाती है, जहां यूके का विद्युतीकरण 39 प्रतिशत, रूस का 52 प्रतिशत और चीन का 82 प्रतिशत है। रेलवे के 14 जोन, जिनमें सेंट्रल, ईस्टर्न और नॉर्थर्न रेलवे शामिल हैं, पूरी तरह से 100 प्रतिशत विद्युतीकृत हो चुके हैं। यह परिवर्तन 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है, जिससे देशभर में स्वच्छ और ऊर्जा-कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिला है। 2014 से 2025 के बीच करीब 46,900 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण किया गया, जो पिछले छह दशकों की कुल प्रगति से दोगुना है। इसका सीधा लाभ पर्यावरण को मिल रहा है, क्योंकि रेल परिवहन सड़क परिवहन की तुलना में लगभग 89 प्रतिशत कम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करता है।

> **रेल विस्तार में रिकॉर्ड रफ्तार**
>
> 2025 में 1.2 लाख किमी नेटवर्क की ओर भारत पूर्वोत्तर में रेलवे का बड़ा विस्तार, मार्च 2025 तक 278 किमी नई लाइनें बिछीं भारतीय रेलवे ने 2025 में नेटवर्क विस्तार को नई गति देते हुए पूर्वोत्तर सहित कई क्षेत्रों में नई रेलवे लाइनें बिछाई हैं। मार्च 2025 तक केवल पूर्वोत्तर में 278 किलोमीटर नई लाइनें जोड़ी गईं। रेलवे का लक्ष्य 2025 तक कुल नेटवर्क को 1.2 लाख किलोमीटर तक पहुंचाना है।

बीएनपी नेता तारिक 17 साल के निर्वासन के बाद ढाका लौटे

ढाका, 25 दिसंबर। बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान लंदन में 17 साल निर्वासन में बिताने के बाद गुरुवार को ढाका लौट आये।

श्री रहमान की वापसी 12 फरवरी को होने वाले चुनाव से पहले बंगलादेश के उथल-पुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण क्षण के तौर पर देखा जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के बड़े बेटे श्री रहमान सुबह की फ्लाइट से स्वदेश पहुंचे। अवामी लीग सरकार के कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज होने के बाद उन्होंने खुद ही देश छोड़ दिया था। जब श्री रहमान गुरुवार को देश लौटे तो एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ उनके स्वागत के लिये एयरपोर्ट आई। बीएनपी के झंडे और पटके लिये समर्थक एवं कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और पूरे जोश के साथ श्री रहमान का स्वागत किया। श्री रहमान की वापसी बंगलादेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हुई है। अंतरिम सरकार ने बढ़ती राजनीतिक अनिश्चितता के बीच राष्ट्रीय चुनावों की घोषणा की है। इस अवधि में सड़कों पर अक्सर अशांति रही है और कट्टरपंथी भीड़ सार्वजनिक स्थलों पर तोड़फोड़ और आगज़नी के लिये ज़िम्मेदार रही है।

डिजिटल अरेस्ट मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

नयी दिल्ली. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के जालंधर कार्यालय ने लुधियाना के जाने-माने उद्योगपति एसपी ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट मामले के सिलसिले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में 11 जगहों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने गुरूवार को बताया कि उन्होंने इस मामले में मुख्य आरोपी रूमी कलिथा को गिरफ्तार किया है और तलाशी के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद कर जब्त किए गए हैं। ईडी ने लुधियाना के साइबर अपराध थाना में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की।

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुरुग्राम-122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय, भूतल, प्लॉट संख्या 8/1 ए और 8/2 ए, अमर सिंह मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन-456001 को प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "अधिनियम") के तहत गिरवी रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के अधिकृत अधिकारी ("AO") ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावित ऋण संख्या में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों पर कब्जा कर लिया था। इस संपत्ति को "जैसी है, जहाँ है, जैसी है और बिना किसी अधिकार के" IIFL-HFL के बकाया की वसूली के लिए बेचने का अधिकार है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट www.iiflonehome.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर	मांग सूचना दिनांक और राशि	अचल संपत्ति/सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण	भौतिक कब्जे की तिथि	आरक्षित मूल्य
श्री सत्यनारायण श्रीमती पवित्रा बाई वर्मा हेयर सैलून (प्रोस्पेक्ट नं.- IL10425486)	08/10/2024 रू. 294554/- (दो लाख चौरानवे हजार पांच सौ चौवन मात्र)	संपत्ति का वह भाग, जो निम्न प्रकार से स्थित हैः प्लॉट संख्या 458, वार्ड संख्या 25, पी.एच.एन. 49, ग्राम-कायथा, दमार रोड, तहसील तराना, उज्जैन, मध्य प्रदेश, 456001। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 897.00, 897.00	06/01/2025	रू. 323000/- (तीन लाख तेईस हजार मात्र)
	बोली वृद्धि राशि रु. 20,000/- (बीस हजार मात्र)		दिनांक 08/12/2025 तक कुल बकाया राशि रु. 372350.15/- (तीन लाख बहत्तर हजार तीन सौ पचास और पंद्रह पैसे मात्र)	बयाना राशि जमा (ईएमडी) रू. 32300/- (बत्तीस हजार तीन सौ)

संपत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	ई-नीलामी की तिथि/समय
16/01/2026 11:00 बजे - 14:00 बजे	19/01/2026 शाम 5 बजे तक।	21/01/2026 11:00 बजे से 13:00 बजे तक

भुगतान विधिः- अग्रिम राशि का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाना है। भुगतान करने के लिए आपको https://www.iiflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा।
नोटः प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है। सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष भुगतान के लिए - लॉग इन करें।https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance पर भुगतान करें

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https://www.iiflonehome.com पर अपना विवरण पहले से पंजीकृत कराना होगा और लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना "निविदा प्रपत्र" अग्रिम जमा राशि के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति और पैन कार्ड के साथ उपरोक्त शाखा कार्यालय में जमा/भेजना होगा।
2. बोलीदाताओं को "बोली वृद्धि राशि" कॉलम में उल्लिखित राशि के गुणज में अपनी बोली में सुधार करना होगा। यदि बोली नीलामी समाप्ति समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समाप्ति समय स्वतः ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को एओ द्वारा बोली मूल्य स्वीकार किए जाने के 24 घंटे के भीतर बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) और सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर बोली राशि का शेष 75% जमा करना होगा। सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से होंगे।
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित अन्य सभी आकस्मिक लागतें, शुल्क वहन करने होंगे।
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन देना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के पास टीडीएस प्रमाणपत्र जमा करना होगा।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों और नीलामी आवेदन पत्र के लिए वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें।
7. ई-नीलामी संबंधी विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर 1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं।
8. संपत्ति विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक IIFL HFL के टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल care@iiflonehome.com पर लिखें।
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे भौतिक कब्जा लेते समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को 7 दिनों के भीतर एकत्र कर लें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अतिरिक्त, ऋणी/ऋणियों को सूचित किया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुएँ प्राप्त करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा।
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर किसी भी स्तर पर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी के नियमों और शर्तों को स्थगित/रद्द या परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उपनियम (1) के तहत 15 दिन की बिक्री सूचना।

ऋणी को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व उपर्युक्त राशि, अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित अदा करें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि होगी तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

स्थानः- इन्दौर, दिनांकः 26.12.2025 — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड।

न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी जिला इन्दौर

(श्री रोशन राय अपर कलेक्टर जिला इन्दौर, कक्ष क्रमांक - 109)

प्रकरण क्रमांक/....../ब-121/2025-26

क्रमांक/439/अकरी-4/2025 — इन्दौर, दिनांक : 18-12-2025

विज्ञप्ति प्रकाशन

प्रति,
1. जितेन्द्र पाटिल
2. श्रीमती मिनल पाटिल
पताः प्लॉट नं. 124, ईस्ट पार्ट श्री कृष्ण पैराडाईस सराई वार्ड नं. 15, ग्राम राऊ, जिला इन्दौर म.प्र.

द्वारा : तहसील / सांवेर, राऊ/ पंजीकृत, डाक/समाचार, विज्ञप्ति

प्रार्थी **प्राधिकृत अधिकारी एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड पताः 101, एमजी रोड, इंदौर** द्वारा निवेदन किया कि बंधक संपत्ति **प्लॉट नं. 124, ईस्ट पार्ट श्री कृष्ण पैराडाईस सराई वार्ड नं. 15, ग्राम राऊ, जिला इन्दौर म.प्र.** पर बकाया ऋण राशि **29,58,037/-+ ब्याज व अन्य खर्चे** का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूति सम्पत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अतः वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूति के रूप में रखी सम्पत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अतः इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इन्दौर कक्ष क्रमांक 109 में दिनांक **12-01-2026** को दोपहर **2:00 बजे** होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही जावेगी।

(रोशन राय)
अपर जिला दण्डाधिकारी
जिला इन्दौर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक / 1500/ लो.नि.वि./ — रतलाम, दिनांक 23.12.2025

:: ई-निविदा आमंत्रण ::

नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैः-

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	470451	वार्ड क्रमांक 46 मराठो का वास में सी.सी. रिन्युअल कोट कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण)	1- 03 माह 2- 890940/-	1- 2000/- 2- 17820/-	06/01/2026 15:30
2	470452	वार्ड क्रमांक 46 राजेन्द्र नगर में डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य एस्टीमेट अनुसार । (प्रथम आमंत्रण)	1- 03 माह 2-404410/-	1- 2000/- 2- 8090/-	06/01/2026 15:30

नोट : निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेब साईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, रतलाम

HDFC BANK एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

We understand your world

पंजीकृत कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई
डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन : स्कीम नं. 94, ब्रिलियंट एवेन्यु, बॉम्बे हॉस्पिटल के पीछे, रिंग रोड़, इन्दौर-452010

आधिपत्य सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **एचडीएफसी बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) की उपधारा 3 और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में निम्नलिखित ऋणगृहिता एवं जमानतदार को मंगनी करते हुए **मांग सूचना पत्र दिनांक 09.10.2019** की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को लौटाने के लिए निर्गमित किया गया।

जबकि ऋणी राशि का भुगतान करने में चूक कर गए हैं, एतद्द्वारा ऋणी, जमानतदार एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला मजिस्ट्रेट, इन्दौर, मध्य प्रदेश द्वारा 14.02.2022, को पारित आदेश के अनुसरण में, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नियम 8 एवं 9 के साथ इसे **23.12.2025** को तहसीलदार, बिचौली हप्सी जिला इन्दौर मध्य प्रदेश के माध्यम से नीचे वर्णित संपत्ति का **कब्जा** ले लिया है।

ऋणी, जमानतदार एवं अचल संपत्ति इत्यादि का विवरण

क्रं	नाम	बंधक संपत्ति	मांग सूचना दिनांक	सूचना में उल्लेखित राशि*
1.	मेसर्स बाकलीवाल गिनिंग एंड प्रेसिंग प्रा.लि.	मकान नं. 24, शांति नगर मनोरमागंज, पलासियाहाना, इन्दौर स्थित संपत्ति, संपत्ति स्वामीः श्रीमती मधु देवी एवं मीनू बाकलीवाल प्लॉट का क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट	09.10.2019	Rs. 8,54,70,608.59
2.	श्री पवन बाकलीवाल			
3.	श्री कलश बाकलीवाल			
4.	श्रीमती मीनू देवी बाकलीवाल			
5.	श्रीमती मधु देवी बाकलीवाल			
6.	श्री कुशल बाकलीवाल			

* आज तक का ब्याज भी देय है।

ऋणगृहिता एवं जमानतदार को विशेषत: एवं सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 8,54,70,608.59/ (रुपये आठ करोड चौपन लाख सत्तर हजार छः सौ आठ एवं उनसाठ पैसे मात्र)** दिनांक **30.09.2019**,तक एवं **01.10.2019.** से उस पर आगे के ब्याज के लिए एचडीएफसी बैंक लि. के प्रभार के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

दिनांक : 23.12.2025,
स्थान : इन्दौर, मध्य प्रदेश

वास्ते एचडीएफसी बैंक लिमिटेड,
प्राधिकृत अधिकारी